**प्रेस नोट** **23/11/2023**

**एक शातिर व्यक्ति गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की एक मोटरसाईकिल एवं तमंचा व कारतूस बरामद–**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अविनाश पाण्डेय के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब दिनांक 22.11.2023 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर मुसरदह मोड़ बहादुरगंज रोड के पास चेकिंग के दौरान आजाद अंसारी पुत्र इब्राहिम अंसारी निवासी हाजीपुर बरेसर थाना बरेसर जनपद गाजीपुर के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाईकिल अपाची (फर्जी नंबर प्लेट के साथ) एवं एक अदद तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 416/23 धारा 411,413,420,467,468,471 भादवि व 3/25 आयुद्ध अधिनियम के अर्न्तगत अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।